प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 18 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के_सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांधी पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवको द्वारा अशोक, गुलमोहर एवं बोटलब्रश के पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. ब्रजेश सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विशिष्ट अतिथि डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय रहे। डा. ब्रजेश सिंह ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया एवं शुभकामनायें दीं। डा. अल्का गोयल नें छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देख–रेख करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सोनू रानी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के नेतृत्व में किया गया।

पौधरोपण करते अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ब्रजेश सिंह एवं अन्य।

निदेशक संचार